केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्रांक- 26025(5)/ 2015-16/केविसं /लक्षे/ /8238

दिनांक-03-06-2022

सूचना

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ के पुस्तकालय में पुराने समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं जमा हैं। केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार इन पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्ते को बेचने की प्रक्रिया की जानी है। इन समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्ते की विक्रय हेतु रजिस्टर्ड फर्मों/ कबाड़ियों/ फेरीवालों आदि को आमन्त्रित किया जाता है। उक्त समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं जहां पर जिस हालत में है, को खरीदने हेतु कार्यालय कार्य दिवस में समय प्रातः11.00 से सायं 04.00 बजे के बीच उपस्थित होकर देखा जा सकता है। निविदा फार्म इस कार्यालय / लखनऊ स्टेशन के केन्द्रीय विद्यालयों के नोटिस बोर्ड अथवा क्षेत्रीय कार्यालय की वेबसाइट https://rolucknow.kvs.gov.in से डाउनलोड कर भरे जा सकते हैं। भरे हुए निविदा फार्म दिनांक 20 जून-2022 से 24 जून-2022 को अपराह्न 02.00 तक सीलबंद लिफाफे में कार्यालय के भूतल पर रखे बॉक्स में डाले जा सकते हैं। सीलबंद लिफाफे के ऊपर "*के0 वि0 सं0, क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ में पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्ते को खरीदने की निविदा*" निविदाकर्ता के हस्ताक्षर/नाम व दिनांक सहित अंकित होना चाहिए।

दिनांक 24-06-2022 को अपराह्न 03.00 बजे विक्रय समिति के समक्ष निविदा फार्म खोले जाएंगे एवं जिस फर्म की उच्च दर / रेट होगी वह इन पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्ते को प्राप्त कर सकता है। निविदा खोलने की तिथि व समय पर निविदाकर्ताओं की उपस्थिति वांछनीय हैं। पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्तों को तौलने के लिए सफल निविदाकर्ता को इलेक्ट्रानिक तराजू लाना होगा। निविदा मिलने पर तौल के बाद जो धनराशि बनेगी वह कार्यालय में तुरंत जमा करनी होगी। सफल निविदाकर्ता को पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं एवं गत्ते को खरीदने की बाध्यता होगी, अन्यथा की स्थिति में निविदाकर्ता के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

03/06/2022

(प्रीति सक्सेना)
सहायक आयुक्त

वितरण-

1. केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ का सूचना पट्ट।
2. केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ की वेबसाइट।
3. लखनऊ शहर में स्थित समस्त केन्द्रीय विद्यालयों के प्राचार्यों को इस निर्देश के साथ कि यह सूचना विद्यालय सूचना पट्ट पर प्रचार-प्रसार हेतु लगाएं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ

निविदा फार्म

1. नाम- ---

2. पता- ---

----

3. मोबाइल नं0- ---

4. फर्म का नाम- ---
(यदि कोई हो)

5. आधार कार्ड का नम्बर - ---
(छायाप्रति संलग्न करें)

6. रद्दी समाचार पत्र खरीदने का रेट- ---
(प्रति किलोग्राम)

7. रद्दी पत्रिकाएं खरीदने का रेट- ---
(प्रति किलोग्राम)

8. गत्ता खरीदने का रेट- ---
(प्रति किलोग्राम)

मैं वचन देता हूँ कि निविदा सफल होने पर नोटिस में दी गई शर्तों का अनुपालन करूंगा।

निविदा कर्ता के हस्ताक्षर
(नाम----------------------)

दिनांक-